तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

13 सर्व कबीर पंथी समाज की बैठक में संगठन ...



14 टुण्डरा की कबड्डी प्रतियोगिता में सरेकेल...



खबर संक्षेप

विकासखंड स्तरीय सेवा सेतु शिविर आज

कसडोल। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत मंगलवार 6 अक्टूबर 2026 को विकासखंड कसडोल अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल कोसमसरा क मे सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होग़ा। शिविर मे सभी सभी विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे औऱ जिला अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। आवेदन लेने के लिये काउंटर की भी सुविधा होगी। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प भी लगाया जाएगा जिसमें पैथोलॉजी जांच, सामान्य चिकित्सकीय जांच, स्त्री रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग, अस्थि रोग विशेषज्ञ,एचपीव्ही टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, दवा वितरण आदि की सुविधा मिलेगी। जिला प्रशासन द्वारा अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या मे शामिल होकर शिविर का लाभ उठायें।

मयंक रणसिंग होंगे भाटापारा के नए एसडीओपी

भाटापारा। भाटापारा में नए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के रूप में मयंक रणसिंग की पदस्थापना की गई है। वे इससे पहले पुलिस मुख्यालय रायपुर में पदस्थ थे, जहां से उनका स्थानांतरण भाटापारा किया गया है। जिला पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, उनकी पदस्थापना का आधिकारिक आदेश सोमवार को जारी कर दिया गया है। संभावना जताई जा रही है कि नए एसडीओपी मयंक रणसिंग मंगलवार, 6 अक्टूबर को भाटापारा पहुंचकर अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

चितावर धाम में क्वांर नवरात्रि महोत्सव 11 से



हिरमी रावन। ग्राम पंचायत मुसवाडीह के अंतर्गत ग्राम भालूकोना स्थित चितावर धाम में क्वांर नवरात्र एवं रामायण महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर मंदिर समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नौ दिवसीय आयोजन के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। इस बिच ग्रामीण अपने मनोकामना ज्योति प्रचलित कर सकते हैं जिसके लिए राशि तेल 701 रुपए एवं घी 1001 रूपए निर्धारित किया गया हैआयोजन समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार 11 अक्टूबर रविवार को ज्योति प्रज्ज्वलित कर नवरात्र महोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद 15 अक्टूबर को पंचमी के अवसर पर हवन-पूजन किया जाएगा। वहीं 19 अक्टूबर सोमवार को अष्टमी के दिन हवन, विसर्जन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है। महोत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मानस मंडलियों द्वारा रामायण पाठ एवं मानस गायन किया जाएगा। 15 अक्टूबर को सुमन मानस एवं जागरता परिवार थरगाव-सोमाखन द्वारा दोपहर 1 बजे से मानस गायन एवं जगराता किया जाएगा। 16 अक्टूबर को कान्हा मानस परिवार छेरकाडीह बलौदाबाजार द्वारा दोपहर 1 बजे से कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। 18 अक्टूबर को नंदनंदन मानस परिवार मोहरा द्वारा दोपहर 1 बजे से मानस गायन होगा। वहीं 19 अक्टूबर को जय सिद्धेश्वर पंडवानी पार्टी देवरतिल्दा द्वारा दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक पंडवानी प्रस्तुति दी जाएगी। जय चितावर मंदिर विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से महोत्सव में शामिल होकर धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

कनेक्शन कटने के बाद खुद जोड़ी बिजली लाइन, 44 उपभोक्ताओं पर दर्ज हुए प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विद्युत विभाग कसडोल डिवीजन अंतर्गत बिजली बकायादारों और पूर्व में विच्छेदित स्मार्ट एवं नॉन-स्मार्ट मीटर कनेक्शनों की जांच को लेकर विद्युत विभाग ने सघन अभियान शुरू किया है।


अभियान के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जांच दलों ने कार्रवाई करते हुए कनेक्शन विच्छेदित होने के बाद बिना बकाया राशि जमा किए और विभागीय अनुमति के बिना दोबारा बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ 44 प्रकरण दर्ज किए हैं। जांच के दौरान कई परिसरों में यह सामने आया कि बकाया राशि के चलते विद्युत कनेक्शन काटे जाने के बावजूद संबंधित उपभोक्ताओं ने विभाग से विधिवत पुनः संयोजन प्राप्त किए बिना स्वयं लाइन जोड़कर बिजली का उपयोग शुरू कर दिया था। जांच दलों ने मौके पर पंचनामा तैयार करने के साथ आवश्यक दस्तावेज भी जुटाए।

विद्युत विभाग ने ऐसे मामलों में विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 138 के तहत कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के अनुसार चिन्हित प्रकरणों में अनधिकृत रूप से बिजली उपयोग किए जाने की अवधि का नियमानुसार बिलांकन किया जाएगा तथा बकाया राशि के साथ अन्य देय राशि की भी वसूली की जाएगी।

जांच दलों ने मौके पर किए पंचनामा, विद्युत अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू

थाने और विशेष न्यायालय में दस्तावेज होंगे पेश

विभाग द्वारा जांच प्रतिवेदन, पंचनामा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संबंधित थानों तथा सक्षम विशेष न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि कनेक्शन विच्छेदित होने के बाद स्वयं लाइन जोड़कर बिजली का उपयोग करना नियमों का उल्लंघन है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



31 मार्च तक जारी रहेगा सघन अभियान

विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि बकाया राशि के कारण यदि उनका कनेक्शन विच्छेदित किया गया है तो वे स्वयं लाइन जोड़कर बिजली का उपयोग न करें। बकाया राशि का भुगतान करने के बाद विभाग से विधिवत पुनः संयोजन प्राप्त करें। विभाग ने बताया कि विच्छेदित कनेक्शनों की जांच का अभियान आगामी सप्ताहों में भी जारी रहेगा और 31 मार्च तक सघन रूप से कार्रवाई की जाएगी।

सोनबरसा जंगल सफारी के लिए 4 नई जिप्सी सहित डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों की मंजूरी

174 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला परिवहन कार्यालय बलौदाबाजार को सोमवार को सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन की सौगात मिली। ग्राम पंचायत परसाभदेर में 174.41 लाख रुपए की लागत से निर्मित आधुनिक सुविधाओं से लैस जिला परिवहन कार्यालय भवन का परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने सोनबरसा जंगल सफारी के लिए 4 नई जिप्सी तथा सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की। लोकार्पण के बाद परिवहन मंत्री केदार कश्यप एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ नवीन भवन के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने भवन के गुणवत्तापूर्ण निर्माण की सराहना करते हुए कार्यालय में आने वाले लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जन आकांक्षाओं के अनुरूप प्रदेश के परिवहन कार्यालयों को आधुनिक बनाया जा रहा है। आने वाले समय में परिवहन से संबंधित अधिकांश कार्य डिजिटल होंगे, जिससे लोगों को घर बैठे सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में करीब 2 लाख 14 हजार वाहन पंजीकृत हैं। मंत्री ने स्कूली बच्चों द्वारा दोपहिया वाहन चलाने पर अभिभावकों से यातायात नियमों की जानकारी देने की अपील की, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना के तहत दुर्घटना पीड़ितों को डेढ़ लाख रुपए तक कैशलेस उपचार की सुविधा मिलती है। जिले के पांच पैक्स में परिवहन सुविधा केंद्र संचालित होने और 572 लर्निंग लाइसेंस जारी होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब पैक्स केवल धान खरीदी तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अन्य जनोपयोगी कार्य भी यहां होंगे।

जिला परिवहन कार्यालय को मिला सर्वसुविधायुक्त नया भवन



जल्द मिलेगी वाहन टेस्ट की सुविधा

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नवीन जिला परिवहन कार्यालय भवन के लिए जिलेवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि भवन की स्वीकृति के पौने दो वर्ष के भीतर ही सर्वसुविधायुक्त कार्यालय का निर्माण पूरा हो गया है। जिले में जल्द ही वाहन टेस्ट की सुविधा भी शुरू होने जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शहर से लेकर गांव तक विकास कार्यों को गति दे रही है तथा केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिल रहा है। इस अवसर पर पांच वाहन स्वामियों को लाइसेंस, पांच हितग्राहियों को हेलमेट तथा 80 वर्ष से अधिक आयु के 10 बुजुर्गों को निःशुल्क बस पास वितरित किए गए।

कार्यालय परिसर में पौधारोपण

सेवा संकल्प अभियान के तहत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत नवीन जिला परिवहन कार्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। परिवहन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, अपर आयुक्त परिवहन डी. रविशंकर, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त मणीवासन, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय, डीएफओ पंकज कमल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

धान खरीदी के लिए पंजीयन 31 तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहरा पंजीयन क्रमांक 341, शाखा भटभेरा अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन शुरू हो गया है। समिति प्रबंधन ने किसानों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर पंजीयन कराने की अपील की है।समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार धान खरीदी के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। नवीन एवं संशोधित रकबा वाले किसान समिति कार्यालय से संपर्क कर धान बिक्री के लिए अपना पंजीयन करा सकते हैं। किसानों को समय पर पंजीयन कराने के लिए संबंधित ग्राम के कोटवार के माध्यम से भी सूचना देने कहा गया है।समिति के पंजीयन के पूर्व नवीन किसानों को एग्री टेक पंजीयन कराने पर ही समिति में नया पंजीयन किया जाएगा पंजीयन के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ऋण पुस्तिका, बी-1 की छायाप्रति, खसरा की छायाप्रति, मोबाइल नंबर, एग्रीस्टैक की पावती, नवीन पंजीयन-संशोधन फार्म तथा नामिनी के आधार कार्ड की फोटो कॉपी प्रस्तुत करना होगा। समिति प्रबंधन ने किसानों से आवश्यक दस्तावेजों के साथ समिति कार्यालय पहुंचकर पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कराने कहा है। समिति प्रबंधन दीनबंधु यादव ने स्पष्ट किया है कि सभी किसान अपने पंजीयन की जांच समिति में आकर करा लें, ताकि धान खरीदी के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो।

- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहरा में पंजीयन शुरू

शांति समिति की बैठक में ध्वनि प्रदूषण व कानून-व्यवस्था पर सख्त हिदायत



बलौदाबाजार। आगामी नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से करहीबाजार पुलिस चौकी परिसर में सोमवार को क्षेत्र के सरपंचों, ग्राम कोटवारों, दुर्गा उत्सव समितियों के पदाधिकारियों एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार-भाटापारा गौरव राय के निर्देशन में हुई। बैठक में पुलिस ने सभी उत्सव समितियों से पर्व के दौरान शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की अपील की। दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्वयंसेवकों ⏭ शेष पेज 13 पर

बस स्टैंड में उड़ती धूल बनी आफत राहगीर और दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर

जनपद पंचायत बिलाईगढ के अंतर्गत, नवीन ग्राम पंचायत गोपालपुर नेशनल हाइवे 130 बी रोड पर स्थित है और यहां के बस स्टैंड पुरी तरह से उखड़ गया है। उसमें बरसात के दिनो में पानी भर जाने के कारण गड्ढे हो गए थे। उस गड्ढे को स्टोन पाउडर से पिटाई किया गया था।

- ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन में की शिकायत



अब वही स्टोन पाउडर धूल बनकर उड़ रहा है जिससे बस के प्रतिक्षा कर रहे यात्री, ब्यसायिक दुकान, राहगीरों धूल से बहुत परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा दमा, खांसी, धूल एलर्जी के मरीज परेशान हो रहे है। लोगो को चलना मुश्किल हो रहा है। धूल इतना ज्यादा उड़ रहा है। की आंखों मे पड़ने के कारण रास्ता नहीं दिख रहा है।जिसके कारण लोग गिरकर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। रोड से लगा हुआ निस्तारी तांबा तालाब हैं यह भी धूल के कारण पानी ख़राब हो रहा है। मजबूरीवश ग्रामीण नहा रहे। उक्त रोड के ⏭ शेष पेज 13 पर

सिंचाई पानी की बाधित 650 एकड़ खेती प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला मुख्यालय से करीब एक किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत कोकड़ी के किसानों के सामने 14 नंबर सिंचाई नहर में पानी की अनियमित आपूर्ति की समस्या एक बार फिर खड़ी हो गई है। करीब 650 एकड़ कृषि भूमि पर खेती करने वाले काबिल-कास्तकार किसानों का आरोप है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी फसल की जरूरत के समय नहर में पानी को लेकर आंख-मिचौली की स्थिति बनी हुई है। पानी के अभाव में फसलें मुरझाने लगी हैं और किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। फसल को बचाने के लिए किसानों ने जल संसाधन विभाग के कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन अभियंता के नाम अनुविभागीय अधिकारी जल प्रबंधन आलोक नगपुरे को सामूहिक रूप से हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपा। किसानों ने इंजीनियर साहू की मौजूदगी में नहर में तत्काल पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की ⏭ शेष पेज 13 पर



तालाब के लिए बंद रही नहर

नगर के रामसागर तालाब में पानी पहुंचाने के कारण 14 नंबर नहर कुछ दिनों तक बंद रही थी। वर्तमान में नहर में पानी चल रहा है। किसानों की शिकायत के संबंध में वे स्थिति को देखेंगे।
-आलोक नगपुरे अनुविभागीय अधिकारी जल प्रबंधन विभाग

सोलर दीदी और हम होंगे कामयाब 2.0से बढ़ेंगे स्वरोजगार के अवसर

3171 हितग्राही विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सोमवार को पलारी विकासखंड के ग्राम छेरकापुर मे सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।शिविर मे उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न योजनाओं के 3171 हितग्राहियों को सामग्री,चेक एवं प्रमाणपत्र वितरित किये। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित सेवा सेतु शिविर के माध्यम से शासन औऱ प्रशासन एक छत पर गांव तक पहुंच रही है। इस शिविर मे छोटी -छोटी समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा रहा है, जिन आवेदनों का शिविर मे निराकरण नहीं हो पा रहा है इसका एक सप्ताह मे निराकरण किया जाएगा। इस शिविर मे शासकीय योजनाओं का अधिक से अधिक संख्या मे लाभ उठायें। पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष योगेश चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन सेवा के अथक 25 वर्ष पूर्ण होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।इस शिविर के माध्यम से मिलने वाली शासकीय योजनाओं का सभी लाभ लेकर अपने जीवन स्तर को ऊपर उठायें। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को हर पात्र हितग्राही तक पहुंचाने के लिये सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेगा हेल्थ कैम्प क आयोजन किया गया था जिसका ग्रामीणों ने भरपूर लाभ उठाया। कैम्प में खून जांच के साथ नजर का भी जांच किया गया औऱ तत्काल चश्मा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सविता यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य महेंद्र साहु सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे।



मेगा हेल्थ कैंप में हुआ निःशुल्क इलाज और चश्मा वितरण

यह शिविर तभी सफल होगा जब अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो। उन्होंने बताया कि शिविर में मेगा हेल्थ कैम्प का भी आयोजन किया गया है जिसमें खून जांच, नजर जांच सहित अन्य जांच सुविधा उपलब्ध है। विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल मे शासकीय योजनाओं कि जानकारी प्राप्त कर सकते है। जिले के लखपति दीदी अब सोलर दीदी बनकर घर की छतो पर सोलर प्लेट लगाने का काम शुरू किया है,इससे उनके आय मे वृद्धि होगी औऱ जल्द करोड़पति बनेंगी।हम होंगे कामयाब 2.0 अंतर्गत जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने ऑनलाइन पंजीयन शुरू किया गया है,इसमें पंजीयन कर युवा जॉब की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

जेसीबी से बंद नहर, पानी के लिए फिर परेशानी

किसानों का कहना है कि अब तक नहर में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचा है। इसके बावजूद 14 नंबर नहर को जेसीबी से इतनी मजबूती से बंद कर दिया गया है कि उसे खोलने के लिए दोबारा जेसीबी की जरूरत पड़ रही है। किसानों ने इसे लेकर जल प्रबंधन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब फसलों को पानी की आवश्यकता होती है, उस समय नहर को बंद करने से किसानों की परेशानी बढ़ जाती है।किसानों का आरोप है कि विभाग की व्यवस्था में स्थानीय जरूरत और खेतों की स्थिति का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा जा रहा है। उनका कहना है कि समय पर पानी नहीं मिलने से हजारों किसानों की मेहनत और फसल प्रभावित होने की आशंका है।

खबर संक्षेप

खेत में लगे सोलर पंप की चोरी, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम उदरलामी के एक खेत में लगे सोलर सिस्टम के उपकरण चोरी के मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर को ग्राम उदरलामी के जोगिंद्रो बरिहा के खेत लगे सोलर सिस्टम से पुरानी इस्तेमाली सोलर पंप मोटर कीमत करीबन 18000 रुपए, स्टार्टर कीमत 2000 रुपए, केबल तार कीमती करीबन 2000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

बोलेरो की टक्कर से एक घायल

महासमुंद। रात में टहलने निकला एक व्यक्ति बोलेरो की टक्कर से घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोरी वाहन चालक के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 3 सरायपाली निवासी प्रकाश जोगी ने बताया 03 सितंबर की रात करीबन 09-10 बजे उसके पिताजी नरेश जोगी घर से टहलने के लिए निकले थे, वापस घर की ओर आ रहे थे, तभी बस्ती सरायपाली पोस्ट ऑफिस रोड के पास सरायपाली के पास बोलेरो 102 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीपी 0577 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उसके पिताजी को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट करने से उनका बायां पैर फैक्चर हो गया, साथ ही सिर, सीना एवं दोनों हाथ, कमर में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

एक्सीडेंट में पति पत्नी घायल

महासमुंद। सरायपाली के भारती हॉस्पिटल के पास बाइक के एक कार से टकराने से पति-पत्नी घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को ग्राम जलगढ़ निवासी एलीसीवा तांडी ने बताया कि 03 अक्टूबर को वह अपने पति टीकाराम तांडी एवं पुत्र लव तांडी के साथ मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 1130 से अपने गांव जलगढ़ से सरायपाली काम से आये थे। मोटर सायकल को उसके पति टीकाराम तांडी चला रहे थे। सरायपाली के भारती हॉस्पिटल के पास आगे चल रही कार क्रमांक सीजी 06 जीआर 5705 के चालक वाहन को अचानक बिना सिग्नल दिये लापरवाही पूर्व मोड़ दिया, जिससे मोटर सायकल कार से जाकर टकरा गई। घटना में उसके कमर में एवं पति टीकाराम तांडी के दाहिना पैर में चोट आई। आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है।

खरीफ 2026 में दलहन-तिलहनी फसलों के रकबे में हुआ विस्तार

महासमुंद। जिले में कृषि विभाग द्वारा धान के साथ-साथ दलहन एवं तिलहनी फसलों के रकबे में विस्तार को बढ़ावा दिया जा रहा है। उप संचालक कृषि एफआर कश्यप ने बताया कि खरीफ 2026 में किसानों द्वारा मूंगफली, मूंग, उड़द एवं अरहर की फसलों की बोनी की गई है। इन फसलों की खरीदी इस वर्ष पंजीकृत किसानों से किए जाने की तैयारी है। कृषि विभाग ने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सहकारी समितियों के माध्यम से पंजीयन कराने का आग्रह किया है। रकबा सत्यापन के आधार पर फसलों की खरीदी प्रारंभ की जाएगी। खरीफ 2026 में जिले में मूंगफली की 2,559 हेक्टेयर, मूंग की 1,755 हेक्टेयर, उड़द की 6,980 हेक्टेयर तथा अरहर की 545 हेक्टेयर में बोनी की गई है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को दलहन एवं तिलहनी फसलों का रकबा बढ़ाने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। गत वर्ष खरीफ एवं रबी मौसम में भी किसानों द्वारा धान के साथ वैकल्पिक फसलों की खेती की गई। वर्ष 2025-26 में चना 632 हेक्टेयर, मसूर 570 हेक्टेयर तथा सरसों 1,413 हेक्टेयर में बोई गई थी। इस वर्ष धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहनी फसलों का रकबा और अधिक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

बढ़ते वृद्धाश्रमों पर जताई चिंता, बुजुर्गों को परिवार का आधार बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

ब्रह्माकुमारीज खरोरा में संगम गौरवपूर्ण वृद्धावस्था कार्यक्रम आयोजित

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के समाज कल्याण प्रभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत ब्रह्माकुमारीज खरोरा के स्थानीय सेवा केन्द्र में संगम गौरव पूर्ण वृद्धावस्था एवं सम्मानित जीवन पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंबिका प्रसाद वर्मा ने कहा कि आज कल के युवा विवाह के पश्चात अपना परिवार लेकर अलग हो जाते हैं, और माता पिता को वृद्धावस्था में अकेले छोड़ देते हैं। ब्रह्माकुमारी उमा दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बुजुर्ग परिवार रूपी वृक्ष की जड़ की तरह है, वे अपने मेहनत, और अनुभव से परिवार को पल्लवित पुष्पित करते हैं। वृद्ध जनों को भी आज की पीढ़ी के तालमेल बिठाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए ब्रह्माकुमारी सावित्री बहन ने कहा कि वृद्ध हमारे समाज की शान है। उनके पास जीवन के अनुभवों का अनमोल खजाना रहता है। युवा पीढ़ी इनसे बहुत कुछ सीख सकते हैं। बी के बिष्णु वर्मा ने बड़ी संख्या में वृद्धाश्रम खुलने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समाज के लिए अच्छा नहीं है। इस अवसर पर शेष नारायण अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, विनोद वर्मा, घना राम, जगराखन धीवर रेशम, बिंदु बहन, सुनीता, सुशीला, होमन रिखी राम, और बी के भाई बहनों सहित वृद्ध जन उपस्थित रहे।



बुजुर्ग परिवार रूपी वृक्ष की जड़

इस अवसर पर खरोरा एवं आसपास के वरिष्ठजनों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करते हुए कहा कि बुजुर्ग हमारे जीवन रूपी वृक्ष के छांव की तरह है हमें उनके अनुभवों से सीख लेनी चाहिए। सेवानिवृत्त प्रधान पाठक गोविंद राम वर्मा ने कहा कि वृद्ध जन समाज की धरोहर है, बुजुर्गों का सम्मान करना सभी का कर्तव्य है।

पॉलीटैक्निक सकरी की कार्यशाला विद्यार्थियों को नवाचार के लिए किया प्रेरित

तकनीकी शिक्षा को नवाचार से जोड़ने पर जोर, विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक पूछे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बलौदाबाजार द्वारा शासकीय पालिटेक्निक महाविद्यालय सकरी में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज के प्रति जागरूकता बढ़ाना और एआई नवाचार एवं उद्यमिता के प्रति रुचि विकसित करना। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा के 25 वर्षों की संकल्प यात्रा एवं सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज से विद्यार्थियों के इनोवेशन के बारे में जानकारी दी।

प्रबंधक जितेन्द्र कुमार धिरही ने पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की जानकारी, पंजीयन प्रक्रिया और पुरस्कार तथा विभागीय योजनाओं, औद्योगिक प्रोत्साहन के बारे में जानकारी प्रदान की गई। 23 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले इस राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज में विद्यार्थी आधिकारिक लिंक के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इसमें तकनीकि विद्यार्थी, शोधकर्ता एवं फैकल्टी, स्टाटाअप्स, एमएसएमई उद्योग, व्यक्तिगत इनोवेटर्स तथा सामाजिक उद्यम एवं संस्थान भाग ले सकते है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्थानीय समस्याओं के व्यावहारिक समाधान पर विचार करने के लिए प्रेरित किया गया एवं विद्यार्थियों द्वारा ली जा रही तकनीकि शिक्षा से दैनिक जीवन में आ रही समस्याओं को समाधान खोजने के लिये प्रेरित किया गया। देश-विदेश में हो रहे नवाचारों से महाविद्यालय के विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। प्राचार्य राकेश अग्रवाल ने छात्रों को इस प्लेटफार्म का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में लगभग 120 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सवाल पूछे गये। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विषय की उपयोगिता पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आग्रह किया कि ऐसी व्यावहारिक जानकारियों से युक्त कार्यशालाओं का आयोजन भविष्य में भी किया जाए, ताकि आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकें।

चिचोली में मजदूरों की समस्याओं व संगठन विस्तार पर मंथन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल का बैठक रायपुर जिला कार्यकारिणी का बैठक तिल्दा नेवरा के ग्राम चिचोली में हुआ। मजदूरों के हित के लिए हमेशा तत्पर रहने वाला संगठन भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिल के इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश शर्मा, छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष हनुमंत साहू, राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष दीपमाला साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव माधुरी पटेल, सुमित सिंह ठाकुर प्रदेश महासचिव युवा मोर्चा, रायपुर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, देवाराम साहू, अभिषेक यादव, सबा खान, तिल्दा ब्लॉक अध्यक्ष भारत वर्मा, आकाश सिरमौर, राजेश साहू, विकास सोनवानी तथा बड़ी संख्या में इस संगठन से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए बैठक में मजदूरों की मुख्य समस्याओं जैसे मजबूरन पलायन ठेकेदारों द्वारा मजदूरों का शोषण वेतनमान में विसंगति मजदूरों को सुरक्षा उपकरण नहीं दिया जाना के द्वारा निर्धारित नियमानुसार वेतन नहीं दिया जाना आदि विभिन्न बातों पर मजदूर हित के लिए चर्चा हुई साथ ही साथ संगठन का विस्तार एवं भारतीय जनता मजदूर ट्रेड यूनियन काउंसिलका कार्यालय इस क्षेत्र में बनाने की बात कही गई कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक अध्यक्ष भारत वर्मा ने किया।

टुंड्रा में सद्गुरु कबीर संत समागम 9 अक्टूबर को



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कृषि मंडी परिसर, नगर पंचायत टुंड्रा में 9 अक्टूबर को सद्गुरु कबीर संत समागम, सात्विक यज्ञ, आनंदी चौका एवं आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पंथ श्री हुजूर प्रकाशमुनि नाम साहब की प्रेरणा से पंथ श्री हुजूर उदितमुनि नाम साहब विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। एकदिवसीय सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे होगा। आयोजन के दौरान नगर में भव्य शोभायात्रा भी निकाली जाएगी।

कार्यक्रम को लेकर कबीरपंथी समाज एवं आयोजक समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं की सहभागिता बढ़ाने और संत समागम की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए एसकेडिवी मिशन एवं कबीरपंथी समाज तहसील कसडोल की टीम द्वारा गांव-गांव जाकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में कसडोल क्षेत्र के ग्राम खैरा, मुढ़ीपार, अर्जुनी, बालदाकछार, अवराई, बरबसपुर, असनींद, बिलारी सहित कसडोल नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया। टीम द्वारा संत समागम के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता का आह्वान किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि संत समागम के माध्यम से कबीर साहेब के संदेश, सत्य, सदाचार, मानवता और आध्यात्मिक जीवन के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजन को लेकर कबीरपंथी समाज में उत्साह का माहौल है तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के लोग सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

सामाजिक एकता का आधार हैं क्षेत्रीय बैठकें : रामखिलावन वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज की बैठक रविवार को सामाजिक भवन पलारी में किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता राम खिलावन वर्मा राजप्रधान वर्मा तथा सरंक्षक, सलाहकार, केंद्रीय सदस्य, राज पदाधिकारी, कार्य कार्यकारिणी, महिला, युवा,ग्राम प्रमुख स्वजातीयो की सहभागिता से किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ समाज के महापुरुषों के छायाचित्रों में पुष्प माला,दीप प्रज्वलित किया गया सांथ ही समाज के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राम खिलावन वर्मा राजप्रधान ने हुए कहा हमारे सामाजिक एकता का प्रमुख आधार स्तंम्भ क्षेत्रिय बैठक का आयोजन हैं।अलग अलग ग्राम ईकाई में क्षेत्रिय बैठक रखने से समाज के युवाओं महिलाओं, स्वजातीयो की गरिमामयी सहभागिता से सामाजिक एकता को मजबुती मिलती है बैठक के माध्यम से हम अपने सामाजिक विकास और समास्याओं के समाधान के सुझाव लेकर समाधान की कार्ययोजना बनाते हैं। उन्होंने बताया कि पलारी आगामी राज के वार्षिक राज अधिवेशन आयोजन के लिए सभी ग्राम ईकाई से सहमति पत्र आमंत्रित किया गया है अधिवेशन के लिए ग्राम ईकाई कोसमंदी के स्वजातीय द्वारा सहमति पत्र दिया है। तेजराम राम सरंक्षक ने कहा हमारे समाज के बनाये गये नियमों का अन्य समाज अनुसरण करते हैं आज हमारा समाज विशाल वटवृक्ष जैसे हो गया है जिसमें अधुनिक युग अनुसार कुछ सामाजिक बुराई भी बढ़ रहा है जैसे हर सुख दुःख के कार्यक्रमों में नाशापान का चलन जिससे परिवारिक विवाद बड़ रहा है। जो चिंता और चिंतन का विषय है। पति पत्नी विवाद, घरेलू लडाई झगड़े का प्रमुख कारण नशा पान है। हमारा समाज सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए 10 राज के द्वारा क्षेत्रिय प्रकरण बैठक के माध्यम से समाधान करने का प्रयास करते हैं।



बड़ी संख्या में उपस्थित रहे समाजजन

ठाकुर राम वर्मा राज प्रधान तिल्दा राज ने कहा हमारे समाज में रोटी बेटी के साथ युवाओं के उच्च शिक्षा, रोजगार, आर्थिक प्रगति के लिए योजना बनना चाहिए। क्षेत्रीय प्रकरण बैठक का आयोजन अलग- अलग ग्राम ईकाई में होना चाहिए जिससे युवाओं और महिलाओं को सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अधिक अवसर मिले। रघुनंदन वर्मा सरंक्षक बताया कि हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारे सामाजिक संगठन का संचालन लिखित विधान एवं आचार संहिता से होता है। कार्यक्रम केद्रीय सदस्य बुध राम वर्मा, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अमर नाथ वर्मा, डाकेश्वर, भुवन, कार्तिक राम, ओमप्रकाश, मंतराम वर्मा, डागेश्वर हुलास, रामनारायण, सेवक, आशा राम, भानु, गिरीजेश, नरेंद्र, तरूण, रामजी, नाथूराम, शशिकांत, भारत, रामखिलावन, संतराम, जनकराम, अखिलेश, बिसौहा, गोविन्द, ढाऊ राम, हेमंत, प्रितम, राधेश्याम, रामनाथ, राजेन्द्र, विरेंद्र, बंशी धर, नेम सिंह, ईश्वरी, बेदुल, हेमलाल, कार्तिक, परस, खिलेश्वर, दामोदर, किशन, मोहन, बसंत, कलीराम, छबि, केजराम, फिरतु, शिवकुमार, हिरदे, मनोज, ईश्वर, लक्ष्मी, देव प्रकाश, केजराम, रोहित, डोमार, मंजु ,रविकान्त, शिवलाल, देववत, रमेश, महेश सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

महासमुंद। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश्वर सिंह कुशवाहा, डीन डॉ. रेणुका गहने एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बसंत कुमार माहेश्वरी द्वारा जिला चिकित्सालय के फिजियोथैरेपी विभाग में दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड की उपयोगिता एवं इससे मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

व्यापार सहयोग केंद्र की बैठक में ऋण प्रक्रिया सरल बनाने पर

गारंटर की अनिवार्यता का मुद्दा उठा, एक लाख तक बिना गारंटी ऋण का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आदित्य विक्रम बिड़ला मेमोरियल व्यापार सहयोग केंद्र की वार्षिक आम बैठक मुंबई के वर्ली स्थित आदित्य बिड़ला सेंटर में हुई। बैठक में ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने, गारंटर की अनिवार्यता में राहत देने, ऋण सीमा बढ़ाने और केंद्र के कार्पस फंड को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ से शामिल मैनेजिंग ट्रस्टी रामरतन मुन्दड़ा ने ऋण प्रक्रिया में गारंटर की अनिवार्यता से छोटे गांवों में आने वाली व्यवहारिक परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। उनके सुझाव पर बिना गारंटर के एक लाख रुपए तक ऋण देने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई। वहीं वर्तमान पांच लाख रुपए की अधिकतम ऋण सीमा को बढ़ाकर सात लाख रुपए करने पर भी विचार किया गया। रामरतन मुन्दड़ा ने बैठक में कहा कि वर्तमान व्यवस्था में ऋण लेने के लिए दो ऐसे गारंटर की आवश्यकता होती है, जो आयकरदाता हों। छोटे गांवों में आयकरदाता गारंटर आसानी से उपलब्ध नहीं होते, जिससे जरूरतमंद युवाओं को ऋण प्राप्त करने में परेशानी होती है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे मामलों में सभा अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के हस्ताक्षर को भी मान्य किया जाए अथवा आयकरदाता गारंटर की अनिवार्यता में आवश्यक छूट दी जाए।



गारंटर की अनिवार्यता में छूट की मांग

मुन्दड़ा ने अपने क्षेत्र की स्थिति का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां करीब 110 बच्चों को लगभग चार करोड़ रुपए का ऋण दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ऋण प्रक्रिया को व्यवहारिक और सरल बनाने की आवश्यकता है। ऋण वसूली के मुद्दे पर भी मुन्दड़ा ने जरूरतमंद ऋणधारकों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की बात रखी। रामरतन मुन्दड़ा ने ऋण डूबने की संभावनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में ऋणधारक विभिन्न कारणों से ऋण चुकाने में असफल हो जाते हैं और ऐसे मामलों में समाज की सामूहिक जिम्मेदारी सामने आती है। बैठक में केंद्र के कार्पस फंड को वर्तमान 35 करोड़ रुपए से बढ़ाकर इस वर्ष 50 करोड़ रुपए करने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में केंद्राध्यक्ष राजश्री बिड़ला, कार्यकारी अध्यक्ष नवल राठी चेन्नई, सचिव श्यामसुंदर काबरा मुंबई, कोषाध्यक्ष आनंद राठी मुंबई, अखिल भारतीय माहेश्वरी सभा के महामंत्री राजकुमार काल्या तथा पूर्व अध्यक्ष श्याम सोनी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में रामरतन मुन्दड़ा ने केंद्र की टीम और स्टाफ के सहयोग की सराहना की।

कार से टक्कर, बाइक चालक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दोपहिया वाहने के ठीक आगे चल रहे मेटाडोर को ओवरटेक कर आगे बढ़ने के फेर में युवक की बाईक सामने से आ रही क्रेटा कार से जा टकराई और 18 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना सोमवार शाम ग्राम खरोरा के पास स्थित सांस्कृतिक भवन के नजदीह हाईवे 353 में हुई।

हादसा इतना भीषण था कि 18 वर्षीय बाइक सवार कुनाल नेताम की बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर क्रेटा के अगले हिस्से में जा फंसी। इसके बाद बाइक करीब 20 मीटर तक सड़क पर घिसटती चली गई। बता दें कि मृतक की पहचान पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम अरंड निवासी पुलिस कांस्टेबल मोतीलाल नेताम के बेटे कुनाल नेताम के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार, कुनाल बाइक क्रमांक सीजी 06 एचएच 0335 से घोड़ारी की ओर से महासमुंद शहर की तरफ आ रहा था।

इसी दौरान उसने सामने चल रहे मेटाडोर को ओवरटेक करने के प्रयास में वह क्रेटा कार क्रमांक सीजी 07 सीजेड 8444 के सामने आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, मेटाडोर की वजह से कुनाल को सामने से आ रही कार नही दिखी और बाइक सीधे कार के ड्राइवर की ओर के हिस्से से जा टकराई। कहा जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी।



मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने प्रारंभिक जांच में बाइक की गति करीब 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे होने का अनुमान जताया है। क्रेटा कार में भिलाई के रामनगर मुक्तिधाम निवासी राहुल चौधरी, पिता पुनीत राम चौधरी तथा पुनीत राम चौधरी, पिता क्षमता निधि चौधरी सवार थे। हादसे में कार में बैठे किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई। हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे से जुड़े साक्ष्य जुटाए। शाम होने के कारण सोमवार को पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

सेवा संकल्प अभियान : सुपोषित बचपन ही विकसित भारत की नींव : नवीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

टेकारी में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम, बच्चों को कराया अन्नप्राशन

यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित "सेवा संकल्प अभियान" के अंतर्गत ग्राम टेकारी (मांढर) स्थित आंगनबाड़ी केंद्र एवं शासकीय प्राथमिक शाला में 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में धरसीवां विधायक श्री अनुज शर्मा एवं जिला पंचायत रायपुर अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर बच्चों को पोषण आहार एवं अन्नप्राशन कराया गया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।



भाजपा का मूल मंत्र ही सेवा ही संगठन है

उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने वाली महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा तथा गर्भवती एवं धात्री माताओं की देखभाल में उनका योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि "सुपोषित बच्चे, स्वस्थ माताएं और जागरूक परिवार ही सशक्त समाज की पहचान हैं। नवीन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस से प्रारंभ "सेवा संकल्प अभियान" केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा और संवेदना पहुंचाने का संकल्प है। भाजपा का मूल मंत्र ही "सेवा ही संगठन" है और ऐसे सेवा कार्य इसी भावना को गांव-गांव में मजबूत करते हैं। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों से सरकार की पोषण एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक पहुंच रहा है।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए पोषण, स्वास्थ्य, मातृ-शिशु देखभाल तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि सुपोषित बचपन ही विकसित भारत और सशक्त छत्तीसगढ़ की मजबूत नींव है। जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और सम्मानपूर्ण जीवन देने के उद्देश्य से अनेक योजनाओं का विस्तार किया है।

खबर संक्षेप

रसोइया और संविदा कर्मियों को चार माह से मानदेय अप्राप्त

पलारी। छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रांताध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम राय गुरुजी ने कहा है कि प्रदेश के स्कूलों में कार्यरत मध्यान्ह भोजन के कुकिंग कास्ट रसोइया, सहायिका एवं संविदा कर्मचारियों को पिछले 4 माह से मानदेय-भुगतान न किया जाना घोर अन्यायपूर्ण, अमानवीय और शोषण



है। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन बनाने वाली अधिकांश महिलाएं गरीब, विधवा और पिछड़े वर्ग से आती हैं। 2000 से 2500 रुपए के मानदेय पर वे रोज सुबह 10 बजे से बच्चों के लिए भोजन बनाती हैं। 4 माह से पैसा न मिलने से उनके घर में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया है। वहीं शासकीय कार्यालयों में कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारी, चौकीदार और अन्य कर्मचारियों को भी 4 माह से वेतन नहीं मिला। त्योहार के समय यह स्थिति और भी दुखद है। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ गरीब कल्याण की बात करती है, दूसरी तरफ उन्हीं गरीबों का हक रोक कर बैठी है। यह कौन सा न्याय है? जिसमे सफाईकर्मी को 4 माह से वेतन नहीं मिलना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

नवमी पर माताओं को दी श्रद्धांजलि और किया तर्पण



मुंडा। मानयता है कि भादो मास में गणेश विसर्जन के बाद से पितृ श्राद्ध का आगमन होता है और अमावस्या तक पितृ तर्पण किया जाता है। इसी तरह ग्राम परसापाली में चक्रसुदर्शन वर्मा के यहां रविवार नवमी तिथि को माता जी की आगमन हुआ था जिसे पितरों में शामिल करने के लिए उपरोहित महाराज अनूप पांडे के द्वारा पूजा अर्चना कर पिंड तर्पण कराया गया जिसमें सम्मिलित रवि, नारायण वर्मा, लल्ला कश्यप, पप्पू कश्यप, तुलाराम वर्मा, सूमेर वर्मा, गजानन वर्मा, तेजू वर्मा, यूवति वर्मा, केशर बाई वर्मा, सावित्री वर्मा, कुंन्देशवरी वर्मा, सरोजनी वर्मा, गोदावरी वर्मा सहित वर्मा परिवार सम्मिलित रहे।

महुआ शराब बरामद एक युवक गिरफ्तार

महासमुंद। ग्राम खुर्सीपहार में महुआ शराब बेच रहे एक युवक को बसना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिसने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम खुर्सीपहार विद्या सरिया के खेत स्थित बोर के पास में बिकी करने के लिए शराब रखा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने संदेही से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम रोशन कुमार पिता सुभाष कुमार (26 साल) खुर्सीपहार होना बताया। आरोपी के कब्जे से 20 लीटर हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

मुआवजे के साथ सोसायटियों में फसल खरीदी की मांग

बाढ़ प्रभावित किसानों ने मुआवजे की मांग को लेकर एसडीएम से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



ग्राम मर्राकोना, दौरेंगा तोरा चक्रवात खैरघट एवं कुलीपोटा के किसानों ने बाढ़ से प्रभावित अपनी फसलों को लेकर सिमगा एसडीएम अतुल शेटे एवं तहसीलदार अनुराग भट्ट से मुलाकात कर उचित मुआवजे की मांग की।

किसानों ने बताया कि विगत दिनों भारी बारिश व बाढ़ के कारण खेतों में लगी फसलों को भारी नुकसान हुआ है, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इस दौरान ग्राम मर्राकोना के सरपंच एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कुबेर यदु ने कहा कि बाढ़ के कारण किसानों की मेहनत से तैयार फसलें पूरी तरह प्रभावित हुई हैं। प्रशासन द्वारा जल्द सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके एवं जो फसल फिर से तैयार हो जाए उसे मुआवाजे देने के बाद भी किसानों की फसल सोसायटियों में खरीदी जाए।

उन्होंने आगे कहा कि बीमा वाले जल भराव की स्थिती में बीमा की राशी देने से मना कर देते है, शासन प्रशासन को इसमें संज्ञान लेकर बीमा राशी को भी सुनिश्चित करे।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकू भाटिया ने कहा कि किसानों की समस्या गंभीर है और शासन-प्रशासन को संवेदनशीलता के साथ इस मामले में तत्काल पहल करनी चाहिए। बाढ़ से जिन किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं, उनका निष्पक्ष सर्वे कर उचित मुआवजा दिलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए एवं बाढ प्रभावित किसानों का कर्ज माफ होना चाहिए।एसडीएम अतुल शेटे ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि बाढ़ से हुए फसल नुकसान का नियमानुसार सर्वे कराया जाएगा। प्रभावित किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी और पात्र किसानों को शासन के नियमानुसार राहत एवं मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। और आपकी जो भी मांग है वो सक्षम अधिकारी के समक्ष रखूंगा। इस अवसर पर उपसरपंच इंद्रमन साहू, मंगलूराम साहू, राजकुमार निषाद, मिलदुराम निषाद, इतवारी निषाद, संजय निषाद, केवल दास मानिकपुरी, पवन निषाद, जीतराम निषाद, गणपत निषाद, अनूप, श्रवण एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। अंत में किसानों ने एसडीएम अतुल शेटे से मांग करते हुए कहा कि अभी की फसल बाढ़ से प्रभावित हो गई है इसलिए समय आने पर गर्मी का फसल शिवनाथ नदी के जल से लेने दें किसानों को परेशान ना किया जाए।

बाढ़ प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दे सरकार : इन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

क्षेत्र में हाल ही में आई बाढ़ से किसानों की फसलों को हुए नुकसान को लेकर विधायक इन्द्र साव ने शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

उन्होंने बाढ़ प्रभावित किसानों को फसल क्षति का उचित सर्वे कराकर शीघ्र मुआवजा प्रदान किए जाने की मांग की है।ग्रामीणों की



जानकारी अनुसार सिमगा ब्लॉक में लगभग उन्नीस सौ एवं भाटापारा ब्लॉक में लगभग ग्यारह सौ एकड़ फसल नुकसान हुआ है। विधायक इंद्र साव ने कहा कि बाढ़ के कारण कई गांवों में खेतों में पानी भरने से किसानों की खड़ी फसल प्रभावित हुई है। किसानों को पहले ही खेती-किसानी में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में बाढ़ से हुई क्षति ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। विधायक इंद्र साव ने कहा कि गंगरेल बांध से बड़ी मात्रा में पानी छोड़े जाने के कारण महानदी का जलस्तर बढ़ गया था जिसके चलते शिवनाथ नदी में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई।उन्होंने कहा कि इस स्थिति से भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के शिवनाथ नदी किनारे स्थित गांवों में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा तथा कई ग्रामीण परिवारों की संपत्ति और आजीविका प्रभावित हुई है। विधायक इंद्र साव ने बाढ़ से प्रभावित किसानों और ग्रामीणों के नुकसान का तत्काल एवं निष्पक्ष सर्वे कराया जाए।फसल, मकान, पशुधन तथा अन्य संपत्तियों को हुए नुकसान का आकलन कर नियमानुसार पर्याप्त मुआवजा एवं राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने शासन-प्रशासन से भविष्य में ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए बांधों से पानी छोड़े जाने, नदियों के जलस्तर और निचले क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बेहतर समन्वय एवं पूर्व सूचना की व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की।विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को राहत पहुंचाना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रभावित परिवारों को उनके नुकसान की भरपाई मिलने तक राहत एवं पुनर्वास के आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने शासन से मांग की कि प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम भेजकर फसलों को हुए नुकसान का निष्पक्ष एवं शीघ्र सर्वे कराया जाए।

जय भोले जन सेवा समिति ने कराया न्योता भोज



कसडोल। शासकीय प्राथमिक शाला परसापाली में जय भोले जन सेवा समिति के तत्वावधान में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के साथ सामूहिक रूप से भोजन कर उनमें आपसी सहयोग, अपनत्व और सामाजिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में जय भोले जन सेवा समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा भालूकोना संकुल अंतर्गत प्राचार्य सुरेश साहू, संकुल समन्वयक गुरुदयाल कैवर्त, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला सिंघारी के स्टॉफ, प्राथमिक शाला भालूकोना के स्टॉफ तथा शासकीय प्राथमिक शाला परसापाली की प्रधान पाठक लता ध्रुव सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण, ग्राम पंचायत परसापाली के प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने बच्चों के साथ बैठकर न्योता भोज में सहभागिता की और आयोजन की सराहना की। समिति के सदस्यों ने कहा कि बच्चों के बीच इस प्रकार के सामूहिक आयोजन सामाजिक समरसता और सेवा भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से जय भोले जन सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया।

42 किमी देहरादून मैराथन में सुरेश साहू ने मारी बाजी

पलारी। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में 4 अक्टूबर को आयोजित 42 किमी सरमांग देहरादून मैराथन में पलारी विकासखंड के ग्राम खरतोरा निवासी सुरेश कुमार साहू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे धावकों के बीच सुरेश साहू ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और शानदार फिटनेस का परिचय देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से पलारी विकासखंड सहित ग्राम खरतोरा में खुशी का माहौल है। सुरेश साहू लंबे समय से दौड़ एवं फिटनेस के क्षेत्र में सक्रिय हैं। नियमित अभ्यास और अनुशासन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर उन्होंने इस मुकाम को हासिल किया है।



गांव में भी चला चुके हैं फिटनेस रन

सुरेश साहू केवल प्रतियोगिताओं में भाग लेने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि वे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और आम लोगों को भी फिटनेस के प्रति जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी उद्देश्य से उन्होंने जनवरी माह में अपने गृह ग्राम खरतोरा में फिटनेस रन का आयोजन कराया था। इस आयोजन के माध्यम से लोगों को नियमित दौड़, व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया था। देहरादून मैराथन में मिली इस सफलता ने उनके फिटनेस अभियान को भी नई पहचान दी है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की मैराथन में प्रथम स्थान हासिल करने पर क्षेत्र के लोगों ने इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया है। सुरेश साहू की इस उपलब्धि पर उनके कोच ईश्वर लाल साहू, सरजू साहू, महेंद्र साहू, प्रदीप, ठाकुर विश्वकर्मा, तोला राम साहू, मनोज साहू, हेमलाल वर्मा, मनीराम साहू, कमलेश कुमार, धरम वर्मा, तारण मानिकपुरी, रामकुमार, रामखिलावन साहू, राची एवं दिशू साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

सर्व कबीर पंथी समाज की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



सर्व कबीर पंथी समाज की आवश्यक बैठक रविवार को शीतला मंदिर प्रांगण, खरोरा में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के कबीर पंथी समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता की। इस दौरान समाज की एकजुटता, संगठन को मजबूत करने तथा सामाजिक गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अनिल सोनी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा को संरक्षक तथा गोपाल दास पडवार, सेवानिवृत्त पटवारी, केशला (खरोरा) को अध्यक्ष बनाया गया। कार्यकारिणी में जनकराम साहू, केशला एवं किरण सोनी, खरोरा को उपाध्यक्ष, योगेश्वरी साहू, केशला को सचिव तथा दुरपति मानिकपुरी, खरोरा को कोषाध्यक्ष और राखी मानिकपुरी, खरोरा को उपकोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई।

कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामनाथ साहू, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक पचरी, चैनूराम साहू, प्रभारी शाखा प्रबंधक छड़िया, मोहन महरा खरोरा, जागेश्वर महरा खरोरा, भरत दास महंत बुडेरा, तारणी साहू खरोरा, शांती साहू खरोरा, शैल साहू खरोरा, द्रौपती साहू खरोरा, हेमकुमारी साहू खरोरा, किरण महरा खरोरा, रामेश्वरी साहू खरोरा, खिलेश्वरी साहू खरोरा, प्रीति मानिकपुरी खरोरा, देवंतीन मानिकपुरी खरोरा, चंपा मानिकपुरी खरोरा तथा देवकी मानिकपुरी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के प्रत्येक पदाधिकारी एवं सदस्य से प्रतिमाह 100 रुपये सहयोग राशि ली जाएगी, जिसे समाज के खाते में जमा किया जाएगा। साथ ही समाज के पंजीयन कार्य को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों से आवश्यक दस्तावेज, फोटो एवं आधार कार्ड की प्रतियां लेकर निर्धारित प्रक्रिया के तहत जमा कराई जाएंगी।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को दोपहर 2:30 बजे समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का स्थान निर्धारित होने पर सदस्यों को इसकी सूचना दी जाएगी। इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

पेज 11 के शेष

शांति समिति की ...

की तैनाती तथा महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर उच्चतम न्यायालय एवं शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन करने तथा निर्धारित समय और ध्वनि सीमा में ही लाउडस्पीकर बजाने की हिदायत दी। क्षेत्र में असामाजिक तत्वों, शराब के नशे में हुड़दंग करने वालों तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने की जिम्मेदारी सरपंचों एवं कोटवारों को दी गई। किसी भी अप्रिय घटना, संदिग्ध गतिविधि अथवा अफवाह की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। बैठक में पुलिस, जनप्रतिनिधियों और उत्सव समितियों के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया। पुलिस ने बताया कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में गश्त और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। साथ ही कानून-व्यवस्था बिगाड़ने अथवा शांति भंग करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बस स्टैंड में उड़ती...

नजदीक में कार्यालय नहीं होने के कारण संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी के मोबाईल नम्बर उपलब्ध नहीं होने के कारण मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर पर उक्त विषय को अवगत कराकर रोड मरम्मत की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि संबंधित विभाग को आपके समस्या को हल करने के लिए भेजा जा रहा है। अतः क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों आम लोगों ने रोड मरम्मत करवाने के लिए शासन प्रशासन से मांग की है। ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन करने में सुविधा हो।

सिंचाई पानी बाधित...

मांग की।

फसल बचाने तत्काल पानी जरूरी: किसानों का कहना है कि विभाग को नहर में पानी की उपलब्धता और वितरण का स्पष्ट कार्यक्रम तय करना चाहिए, ताकि किसानों को बार-बार कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। फसल की स्थिति को देखते हुए नहर में पर्याप्त पानी पहुंचाने और बंद हिस्से को तत्काल खोलने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवन वर्मा, ईश्वर ध्रुव, नरेंद्र वर्मा, तरुण यादव, भोला ध्रुव, अरुण वर्मा, संतन ध्रुव, रमाशंकर यादव, करन सिंह वर्मा, द्विगु यादव, आशुतोष जायसवाल और पंकज फेकर सहित अन्य किसान शामिल रहे।

नहर को नाली में बदलने पर पहले भी उठे थे सवाल: गौरतलब है कि 14 नंबर नहर की वितरक शाखा में लाइनिंग कार्य को लेकर पूर्व में भी सवाल उठ चुके हैं। सांवरा डेरा से कोकड़ी पुल तक करीब 7 किलोमीटर नहर लाइनिंग का कार्य लगभग 355.11 लाख रुपए की लागत से कराया गया है। बलौदाबाजार से कोकड़ी क्षेत्र के बीच पारंपरिक चौड़ी नहर के बजाय नालीनुमा संरचना तैयार किए जाने को लेकर स्थानीय किसानों और रहवासियों ने आपत्ति जताई थी। पूर्व में लोगों ने सवाल उठाया था कि नहर को पक्के और संकरे नालीनुमा स्वरूप में बदलने से पानी के रिसाव के माध्यम से आसपास के भूजल स्तर के पुनर्भरण पर क्या प्रभाव पड़ेगा। किसानों का कहना था कि नहर में पानी छोड़े जाने पर आसपास के बोरवेल और भूजल स्तर को भी लाभ मिलता था, लेकिन नहर के स्वरूप में बदलाव के बाद इस प्राकृतिक पुनर्भरण पर असर पड़ने की आशंका है।

- निर्माण के साथ अब संचालन व्यवस्था भी सवालों में: नहर लाइनिंग के समय निर्माण गुणवत्ता, नहर की चौड़ाई तथा भविष्य में नहर की जमीन को अतिक्रमण से बचाने को लेकर भी सवाल उठाए गए थे। विभाग की ओर से उस समय बताया गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा और ड्राइंग-डिजाइन के अनुमोदन के बाद ही नालीनुमा संरचना तैयार की गई है। अब किसानों की वर्तमान शिकायत ने नहर के निर्माण के साथ-साथ उसके संचालन और पानी वितरण की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। किसानों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च कर नहर का स्वरूप बदलने के बाद भी यदि फसल के समय किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है तो इस व्यवस्था का उद्देश्य ही प्रभावित होता है।



खबर संक्षेप

भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी गठित

बलौदाबाजार। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन में भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ की



बलौदाबाजार-भाटापारा जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिला संयोजक धनंजय साहू अधिवक्ता ने वरिष्ठ नेताओं की सहमति से कार्यकारिणी की घोषणा की। घोषित कार्यकारिणी में भोलाराम वर्मा मल्दी, गजानंद त्रिवेदी अमेरापलारी और तारणी राजपूत हिरमी-सुहेला को जिला सह संयोजक बनाया गया है। धर्मवीर धुरंधर को कोषाध्यक्ष, मुकेश साहू को सोशल मीडिया प्रभारी, मालिकराम बांधे को सह सोशल मीडिया प्रभारी, अरुण कुमार साजिद को आईटी सेल प्रभारी, पुनेश्वरनाथ मिश्रा को जिला मीडिया प्रभारी, राजकपूर साहू को 'मन की बात' प्रभारी तथा विनय गुप्ता को जिला कार्यालय प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला कार्यसमिति सदस्यों में योगेश पांडे, मंजू साहू, टहक राम साहू, भानुप्रताप वर्मा, दामोदर कर्ष, उभेराम साहू, कौशल्या यादव, देशराम साहू, महेन्द्र यदु, मेघनाथ साहू, मोनीष पाल, सोहन लाल साहू, रवि वर्मा, लीलाधर वर्मा, नीलम, मन्नूराल और प्रेमनारायण को शामिल किया गया है।

वरिष्ठ नागरिकों को शॉल श्रीफल एवं छड़ी प्रदान कर किया सम्मानित

महासमुंद। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण एवं सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का जिला स्तरीय आयोजन स्थानीय डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन, बागबाहरा रोड में किया गया। विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 600 वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता की। वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के साथ उनके अधिकारों व जीवन से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई।

पोषण, स्वास्थ्य और संस्कारों से आंगनबाड़ी के बच्चों को बनाए समृद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

विभिन्न वार्डों में 'आंगन मिलन सेवा उत्सव एवं सम्मान कार्यक्रम' आयोजित किए गए। माता देवालय वार्ड, संत कंवरराम वार्ड, स्टेशन वार्ड एवं हेमू कल्याणी वार्ड के संयुक्त तत्वावधान में माता देवालय वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 तथा मुंशी स्माइल वार्ड में आयोजित कार्यक्रमों में नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा शामिल हुए।

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र हमारे नन्हे बच्चों की पहली पाठशाला हैं। यहीं से उनके पोषण, स्वास्थ्य, संस्कार और प्रारंभिक विकास की मजबूत नींव तैयार होती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं केवल अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहीं, बल्कि वे परिवारों से निरंतर जुड़कर समाज के भविष्य को आकार देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि "बच्चों के भविष्य की चिंता केवल उनके माता-पिता की चिंता नहीं हो सकती। यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। इसलिए सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य यही है कि सेवा केवल किसी मंच या कार्यक्रम तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के हर परिवार, हर बच्चे और जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे।"कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और बच्चों, परिवारों तथा क्षेत्र से संबंधित आवश्यकताओं की जानकारी नगर पालिका अध्यक्ष को दी।

विभिन्न वार्डों में आंगन मिलन सेवा उत्सव एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित



महिलाओं की समस्याओं को सुना, सहयोग का दिया भरोसा

नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि भाटापारा के विकास का अर्थ केवल सड़क, नाली और भवनों का निर्माण नहीं, बल्कि एक ऐसा बेहतर समाज बनाना भी है जिसमें हर बच्चा सुरक्षित हो, हर मां स्वस्थ हो और सेवा करने वाले प्रत्येक हाथ का सम्मान हो। इस कार्यक्रम में नगर पालिका सभापति गोविंद पटेल, संतीश तलरेजा पार्षद नंदू वैष्णव, चंद्रशेखर चक्रधारी, शुभम सिंह राजपूत, पूर्व पार्षद व्यास यदु भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव महिला बाल विकास अधिकारी बिना राय एवं माताएं -बहनें उपस्थित रहीं। अश्वनी शर्मा ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और स्थानीय स्तर पर आवश्यक सहयोग एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

प्रतियोगिता में दूर-दराज के गांवों से आई कुल 51 टीमों ने लिया हिस्सा

टुण्डरा की कबड्डी प्रतियोगिता में सरेकेल की टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

नगर पंचायत टुण्डरा के चंडी चौंक में कबड्डी का भव्य आयोजन किया गया था जिसमें 51 खिलाडी का दल प्रवेश लिये थे, प्रथम राउंड पूरा होने में रातभर का समय लग गया। बहुत दूर-दूर गांवो से प्रतिभागी शामिल हुये हैं, जिसमें ग्राम मोहान, कोलयारी, कुकदा, अमलीडीह, बिल्हा, तुलसी, ठुठी, मल्हार, सरस्वती दल तुलसी, नेंगुरडीह, धुमाभांठा, पासीर, अमलीडीह, लगरा, आमाकोनी, पथरगढी, कांसा, कोसीर, दोम्हानी, चरौदा, साबर, घीवरा, अमेराडीह, डोंगाकोहरौद,सेमरिया, तनौद, भदरा, नंदेली, परसाहीनाला, नवापारा अकलतरा, गिधौरी कोरबा, पोडीदलहा, लोहर्सी, जगदीसपुर, कोसला, जलसो, अमोरानवापारा, भरारी, कारीपाठ, धाराशिव, सरेकेल, खजरी, कूरियारी, अकलतरी, सलखन, गरियाबंद, भोयनाबहरा, आमगांव, सीजी विनायका शामिल थे। मैच के अंतिम दौर में नेगुरडीह के साथ सेमरिया जिसमें नेगुरडीह विजयी रहे, लगरा के साथ सरेकेल जिसमें सरेकेल विजयी रहे, टुण्डरा के साथ धुमाभांठा जिसमें टुण्डरा विजयी रहे, अमलीडीह के साथ तुलसी जिसमें अमलीडीह विजयी रहे।इस तरह सेमीफानल नेगुरडीह, सरेकेल टुण्डरा एवं अमलीडीह के बीच हुआ, जिसमें प्रथम सेमी फानल मैंच टुण्डरा नेगुरडीह के बीच हुआ जिसमें नेगुरडीह विजयी रहे, दुसरा सेमी फाईनल सरेकेल अमलीडीह बीच हुआ जिसमें सरेकेल विजयी रहे, अंत में फाईनल मुकाबला नेगुरडी व सरेकेल बीच हुआ जिसमें सरेकेल महासमुंद को प्रथम स्थान मिला।



विजेताओं को मिला पुरस्कार

मैच समापन पश्चात पुरस्कार वितरण के मौके पर नगर अध्यक्ष छतराम साहू, राजमहंत पी के घृतलहरे, रामप्रसाद साहू, कृष्णकुमार मिरी, सत्यनारायण पटेल, संजय देवांगन गोंटीलाल कैवर्त्य, डा नागेन्द्र देवांगन, हेमलाल बारले, महेन्द्र बारले, राहुल बारले, पूरन साहू, विजय साहू, रमेश धीवर, घनश्याम बारले आदि सहित आयोजन समिति के आरिन साहू सहित सभी आयोजक सदस्यगण, नगरवासी भारी संख्या में शामिल रहे। विदित हो कि पूर्व विधायक चंद्रदेव प्रसाद राय ने नगर कांग्रेसियों की अनुसंशा पर आयोजन समिति जय चंडी कबड्डी समिति टुण्डरा को 75000 रूपये सहयोग देकर कबड्डी मैट प्रदान किये थे। आज के पुरस्कार के तीसरे ईनाम भी उन्ही के द्वारा दिया गया है। विजेताओं को टाफी, मेडल एवं घोषित राशि प्रदान किया गया। कबड्डी कोच एवं निर्णायक के रुप में जे आर बारले, लखन प्रधान, गुलशन यादव पूरे समय मैच कराने डटे रहे।

महंत लाल दास व आचार्यों को दी श्रद्धांजलि व किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

पितृ पक्ष के पावन अवसर पर श्री शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्य श्री महन्त लाल दास जी महाराज का श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर पर संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं ने उनके व्यक्तित्व, धार्मिक एवं आध्यात्मिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास महाराज ने प्रातः 6:00 बजे महानदी के त्रिवेणी संगम बावा घाट में महन्त लालदास महाराज सहित सभी पूर्वाचार्यों को तर्पण किया। मठ पहुंचकर होम -हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, दोपहर में भगवान की पूजा अर्चना संपन्न होने के पश्चात परंपरागत रूप से ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी विप्र बंधुओ ने पहुंचकर भोजन प्रसाद ग्रहण किया उन्हें दक्षिणा सहित सम्मान विदाई दी गई।

राजेश्री महन्त महाराज ने अपने संदेश में कहा कि महन्त लालदास महाराज ने धर्म, अध्यात्म और सनातन परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा किए गए धार्मिक कार्य और समाज को दिए गए आध्यात्मिक संदेश आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। पितृ पक्ष के दौरान उनके पुण्य स्मरण के अवसर पर श्रद्धालुओं ने उनके चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति एवं भगवान श्री शिवरीनारायण जी से उन्हें श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। मठ परिसर में भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने धर्म एवं सेवा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



वॉलीबॉल चयन स्पर्धा में पिथौरा महाविद्यालय विजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

राजीव गांधी शासकीय महाविद्यालय सिमगा में सोमवार को स्टेट वॉलीबॉल (पुरुष) के लिए टीम चयन के लिए सेक्टर स्तरीय वॉलीबॉल (पुरुष) चयन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में बैकुंठ, भाटापारा, बसना, महासमुंद, सरायपाली, सिमगा, बागबाहरा, बलौदाबाजार और पिथौरा महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी मैनेजर एवं प्रतिभागी छात्र उपस्थित हुए। कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बिरुलाल बरगाह एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ. प्रिया कन्नौजे के द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में सिमगा महाविद्यालय की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया और सेमीफाईनल तक पहुंचे जहां सेमीफाइनल में पिथौरा महाविद्यालय की टीम विजयी हुई। फाइनल मैच पिथौरा और महासमुंद के बीच खेला गया, जिसमें पिथौरा टीम विजेता और महासमुंद टीम उपविजेता रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में सिमगा महाविद्यालय परिवार के प्राचार्य एवं क्रीड़ा अधिकारी के साथ श्री विकास कुमार सिंह रात्रे, श्वेता एक्का, अर्चना कुजूर, डॉ. सुनीता साकेत, डॉ. हरीश कुमार साहू, डॉ. अंकिता अंधारे, डॉ. ज्योत्सना मजूमदार, डॉ. आकाश सोनी, डॉ. संजीव कुमार, बसंत प्रधान, प्रशांत गौतम, आशुतोष तुमनिया, कृष्णा मेहर, मेलविन एक्का आदि का सहयोग रहा।

शिक्षक चरित्र के जन्मदिन पर नेवता भोज आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला बरडीह में 'नेवता भोज' का आयोजन किया गया। यह आयोजन शाला के शिक्षक चरित्र कुमार ध्रुव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रखा गया था। नेवता भोज के दौरान शाला के सभी छात्र-छात्राओं को ताजे फल, मिठाई एवं मिक्सचर वितरित किए गए, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे।

इस शुभ अवसर पर शाला परिवार की ओर से शिक्षक विशेषर वर्मा, संजय बंछोर, महिलांग एवं मीनाक्षी सिरमौर ने शिक्षक चरित्र कुमार ध्रुव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।



गोदड़ीवाला धाम में मना संत कंवरराम साहब का 87वां वर्सी महोत्सव, प्रतिभावान छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

संत कंवरराम सेवा समिति द्वारा अमर शहीद संत कंवरराम साहब जी की 87 वीं वर्सी महोत्सव बड़ी धूमधाम से श्री गोदड़ीवाला धाम में सांई धीरज कुमार प्रपोत्र - संत कंवरराम साहब, पूज्य भाभी मां रिद्धी देवी धर्मपत्नि-सांई धीरज कुमार, पूज्य सुनीता दीदी प्रपोत्री-संत कंवरराम साहबशहजादे कवरांश सुपुत्र- सांई धीरज कुमार) की उपस्थिति में मनाई गई।

संस्था के अध्यक्ष राजेश हजारीलाल छाबड़िया द्वारा जानकारी दी गई कि सर्वप्रथम एसएसडी सेवा मंडल व बाबा हरदास राम सेवा मंडल द्वारा पूज्य धुनी साहब का पाठ किया गया, ततपश्चात श्री गुरूग्रंथ साहब के सहज पाठ का भोग साहब सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संस्था द्वारा विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया एल्डरमेन राजा कामनानी का कंवर परिसर के निर्माण के लिए आभार व्यक्त करते हुए सम्मान किया गया। साथ ही साथ संस्था सिंधुणी सेवा समिति द्वारा पोहा मिल अध्यक्ष रंजित दावानी व हरिश निहलानी, राकेश मंधान, दाल मिल अध्यक्ष नरेश आर्य, चेम्बर अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी, सिंधु सेवा समिति से कैलाश बालानी, सिंधु महिला मंडल की अध्यक्षा सोनी छाबड़िया का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महिला मंडल की आशा सबलानी, सोनिया बालानी, रितु निहलानी, कनक माधवानी, भूमि निहलानी, प्रिया माधवानी, कविता छाबडिया, कंगना माधवानी, अल्का छाबड़िया, पायल पार्प्यानी, आरती माधवानी, साक्षी आर्य, रीमा बत्रा, कोशिल्या बत्रा, रेखा माधवानी, नीतू छाबड़िया सहित सिंधु सेवा समिति के भीषम गुरयानी, ताराचंद किंगरानी, नंदलाल तनवानी, मंगलानी, बल्ली लालवानी, कमल धर्मानी, महेश चंदानी, जगदीश लालवानी, दिनेश सचदेव,कपिल धुडियाल उपस्थित रहे।सिंधुणी सेवा समिति द्वारा विगत 16 वर्षो की तरह इस वर्ष भी सिंधी समाज के 05 वीं, 08 वीं,10 वीं,व 12 वीं में 75% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को स्व.श्री भगत सिंग जेसवानी स्मृति कंवर सम्मान पूजनीय सांई धीरज कुमार प्रपोत्र-संत कंवरराम पूजनीया भाभी माँ रिद्धी देवी धर्मपत्नि सांई धीरज कुमार व समाजजनों के करकमलों से दिया गया।



विभागीय योजनाओं और पोषण के प्रति किया

आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार के निर्देशानुसार महिला बाल विकास अधिकारी जीआर नवरंग, सखी सेंटर सिमगा द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड नंबर 2, 3, 4, 5, एवं 6 के द्वारा आंगन मिलन समारोह के दौरान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर किरण शर्मा के द्वारा सुपोषण और कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिए उपाय उपचार बताते हुए मातृत्व वंदन योजना महतारी वंदन योजना, टीकाकरण ,नोनी सुरक्षा योजना ,रेडी टू ईट के फायदे, मुनगा फली और पत्ते के फायदे और जानकारी देते हुए कुपोषण को दूर करने की बात साझा की गई।

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत पोषण जागरूकता राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्थानीय एवं मौसमी खाद्य पदार्थों के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, एनीमिया से बचाव तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पार्षद प्रियंका तिवारी, महिला मोर्चा अध्यक्ष भारती पाटकर एवं महिला मोर्चा के सदस्य गण जनप्रतिनिधिगण स्वास्थ्य विभाग से मितानिन सुपरवाइजर लुइस और यशवंत देवांगन के साथ-साथ एल्डरमैन रुक्मणी साहू और सुपरवाइजर किरण शर्मा सखी वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रभारी रीना महतो नमिता साहू , नीरा निषाद और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, बच्चे तथा महिलाएं उपस्थित रहे।



एजेन्सी देना है
हरिभूमि
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार
भाटापारा जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468
जिला कार्यालय, बलौदाबाजार
अंबेडकर चौक बलौदाबाजार
मो. 9926204007

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, अम्बिकापुर, राजनांदगांव से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि - स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

डिंपल्स
कॉस्मेटिक सर्जरी द्वारा गालों में स्थायी डिंपल्स
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.